# शुरू हुआ एलीवेटेड रोड के तीन पिलर का काम

## दूर की जा रही हैं एलीवेटेड रोड की बाधायें



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** एलीवेटेड रोड के निर्माण में आ रहीं बाधायें जिला प्रशासन द्वारा अभियान बतौर दूर की जा रही हैं। इस क्रम में एलीवेटेड रोड के प्रथम चरण के अंतर्गत मौजा महलगांव में जिला प्रशासन की टीम ने रुके हुए तीन पिलर का काम शुरू करा दिया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि लगातार कार्रवाई कर एलीवेटेड रोड के निर्माण में अतिक्रमण इत्यादि की वजह से आ रहीं सभी बाधायें दूर करें। इस परिपालन में राजस्व विभाग की टीमों द्वारा हर दिन कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने रविवार को मौके पर पहुँचकर मौजा महलगांव के अंतर्गत पिलर का काम शुरू कराया। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि मौजा महलगांव के अंतर्गत एलीवेटेड रोड के पिलर क्रमांक-208 से 212 तक कुल 5 पिलर का काम विभिन्न कारणों से रुका हुआ था। इनमें से पिलर क्रमांक-208, 209 व 212 का काम शुरू करा दिया गया है। जिस जगह पर पिलर क्रमांक-210 एवं 211 बनाए जाने हैं उनसे संबंधित जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये विधिक प्रक्रिया प्रचलन में है। जल्द ही अतिक्रमण हटाकर इन पिलर का काम भी शुरू करा दिया जायेगा। रविवार को पिलर का काम शुरू कराने के लिये गई टीम में तहसीलदार कुलदीप दुबे व नायब तहसीलदार श्री शिवदत्त कटारे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

# जैविक हाट में खाद्यान्नों की हुई जमकर खरीददारी

## शहरवासियों के लिये हर रविवार को कृषि कार्यालय परिसर के सामने लगती है जैविक हाट



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** जैविक हाट (जैविक सेतु) में उपलब्ध रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से पैदा किए गए खाद्य उत्पाद ग्वालियर शहरवासियों को खूब भा रहे हैं। खासतौर पर हल्दी, चावल, गुड़, आंवला, काला गेहूँ, ज्वार, दालें इत्यादि की खूब बिक्री हो रही है। यह जैविक हाट मेला रोड स्थित किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय परिसर में हर रविवार को लगती है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जैविक हाट का निरीक्षण किया। साथ ही जैविक दालें खरीदीं और यूपीआई से भुगतान किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों को जैविक हाट का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जैविक हाट में मिलेट्स से बने व्यंजनों के स्टॉल लगवाने के लिये भी कहा। रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित अनाज व दालों के साथ- साथ अमरूद, आंवला एवं आलू, मूली, पालक, गाजर तथा अन्य सब्जियां भी जैविक हाट में उपलब्ध हैं। उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि जैविक हाट में इस बार किसानों की लगभग 40 हजार रुपए की बिक्री हुई है। प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित हल्दी, चावल, गुड़, आंवला व काले गेहूँ की लोगों ने खरीददारी की।

इसके अलावा ज्वार, बाजरे का आटा, दालें व वर्मी कम्पोस्ट भी खूब बिके। जैविक हाट में बिक्री के लिये रखे गए सभी खाद्यान्न व सब्जियां वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, वर्मीवास इत्यादि जैविक खादों से पैदा की गई हैं।

## पूर्व सैनिकों की बैठक में समस्याओं का समाधान

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** टेकनपुर स्थित बीएसएफ अकादमी के सैनवेसटो विंग में कमाडेंट जितेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित हुई। 'कन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेज मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन' के अध्यक्ष जयेंद्र सिंह राणा ने बताया कि बैठक में पेंशनभोगियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनका समाधान किया गया। उप समादेष्टा अशोक कुमार यादव ने पिछले कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की और नए आवेदन स्वीकार किए। बैठक में एस.एस. राठौर, सुरेंद्र सिंह यादव सहित लगभग 60 पूर्व सैनिक और 10 वीरांगनाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हुआ।

## नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई के लिये विधानसभा क्षेत्रवार स्थल निर्धारित

**ग्वालियर 04 जनवरी।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत नो मैपिंग मतदाताओं को जारी किए जा रहे नोटिस की सुनवाई करने के लिये जिले के हर विधानसभा क्षेत्र के लिये पर्याप्त संख्या में स्थल निर्धारित किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत नोटिस जारी करने व उन पर सुनवाई के लिये 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। सुनवाई के लिये विधानसभा क्षेत्रवार निर्धारित स्थलों पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

# शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मुहैया कराने प्रशासन ने कमर कसी



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को ग्वालियर शहर के सुरेश नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया और पेयजल वितरण व्यवस्था की मौके पर ही समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कहीं पर भी अशुद्ध पानी वितरण की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस मौके पर नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रतीक राव सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान कहा है कि नगर निगम के माध्यम से गंदे पानी की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्परता से निराकरण किया जाए। इसके लिये आवश्यक हो तो पाइप लाइन बदलने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहर में जिन क्षेत्रों में टंकियों के माध्यम से पेयजल वितरण किया जा रहा है वहां पर टंकियों की सफाई का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाए। नगर निगम के मैदानी अधिकारी निरंतर भ्रमण कर अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल से संबंधित शिकायतों के निराकरण का कार्य करें। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भ्रमण के दौरान अपने-अपने क्षेत्र से पेयजल की सेम्पलिंग का कार्य भी करें। सेम्पलों की निरंतर प्रयोगशाला में जाँच भी कराई जाए। शहर में जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल से जल आपूर्ति होती है वहां पर नियमित क्लोरीनेशन का कार्य भी कराया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन, निगम के कंट्रोल रूम पर पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उसके निराकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए।

कार्य करने के पश्चात शिकायतकर्ता से विभागीय अधिकारी चर्चा कर निराकरण का सत्यापन करें। **प्रभारी मंत्री सिलावट भी कर रहे हैं निरंतर मॉनीटरिंग :** प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भी पेयजल वितरण व्यवस्था, स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जिला कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव से दूरभाष से चर्चा कर कहा है कि आम जनों को शुद्ध पेयजल मिले, इसकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसको प्राथमिकता के साथ निराकृत की जाए।

### छात्रावासों के आरओ व पेयजल स्त्रोतों का भी करें निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जनजाति कल्याण एवं स्कूल शिक्षा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के छात्रावासों में लगे वाटर प्यूरीफायर व आरओ एवं पेयजल स्त्रोतों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हिदायत दी है कि आरओ के फिल्टर नियमित रूप से बदले जाएं। साथ ही जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन अनिवार्यत: कराएं। साथ ही जिन छात्रावासों में पेयजल लाइन से जल आपूर्ति होती है उन पेयजल लाइनों का भी बारीकी से निरीक्षण कराया जाए।



# कंबल वितरण कर नई नियुक्तियाँ की

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदौरिया ने समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश्वर भदौरिया ने नववर्ष कैलेंडर का विमोचन किया। इसी कार्यक्रम में सागर नाती को संस्था का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### 11 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन

जनशक्ति वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणेश सिंह भदौरिया ने बताया कि संगठन आगामी 11 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा हैं।

# जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी 36 घंटे में गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश में मारी थी गोली

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** थाना झांसीरोड पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते कट्टे से जानलेवा हमला करने वाले दो मुख्य आरोपियों को घटना के मात्र 36 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सतपाल रंधावा (36 वर्ष) और अरुण जाट (23 वर्ष) से 315 बोर का एक देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और घटना स्थल से 3 खाली खोखे बरामद किए हैं। विवाद का कारण दुबई में काम के दौरान पैसों के लेन-देन को लेकर पुरानी रंजिश बताया जा रहा हैं। फरियादी पलविन्दर सिंह उर्फ गांधी अपने मित्रों के साथ कार से ग्वालियर से चीनोर जा रहे थे। सातऊ मोड़ के पास आरोपियों ने अपनी सफेद स्विफ्ट कार से उनका रास्ता रोका। पुरानी रंजिश को लेकर हुई गाली-गलौज के बाद आरोपी सतपाल ने जान से मारने की नीयत से देशी कट्टे से फायर कर दिया, जिससे एक गोली गुरपाल नामक युवक के सीने में जा लगी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन और अति. पुलिस अधीक्षक विदिता डागर व सीएसपी हिना खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड शक्ति सिंह यादव ने एक विशेष टीम गठित की।

### कैसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी शहर छोड़कर भागने की फिराक में शीतला माता मंदिर के पास छिपे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर सतपाल रंधावा और अरुण जाट को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है।

**पुरानी रंजिश और हथियार बरामदगी:** पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी सतपाल ने बताया कि उसका फरियादी के भाई गुरपेज से दुबई में काम के दौरान पैसों को लेकर 5 साल पुराना विवाद था। इसी के चलते उसने गोली चलाई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखा गया कट्टा और कारतूस बरामद कर लिए हैं। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों (सुमित जाट और गुरपेज) की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपियों से उनके ठिकानों के बारे में पूछताछ की जा रही है।






## पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में गंदे एवं दूषित पेयजल से संबंधित बढ़ती शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी मोतीमहल कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम सी.एम. हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के लिए कार्य करेगा।अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव द्वारा जारी आदेश अनुसार नागरिक गंदे अथवा दूषित पेयजल की शिकायत दर्ज कराने के लिए दूरभाष क्रमांक 0751-2646624 पर संपर्क कर सकते हैं। कंट्रोल रूम का संचालन निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। कंट्रोल रूम प्रभारी के रूप में श्री ब्रह्म किशोर शर्मा (विनियमित स्थायी कर्मचारी) को नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग हेतु श्री विनोद सिंह (दैनिक वेतन) को कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम प्रभारी सी.एम. हेल्पलाइन से प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों को चिन्हित कर संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं क्षेत्राधिकारी को भेजेंगे।

# अंबेडकर के समर्थन में कांग्रेस ने सम्भाला मोर्चा, दिया ज्ञापन






**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** बाबा साहेब के पोस्टर जलाने एवं मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की कथित बयानबाजी के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन में राज्यपाल से बाबा अम्बेडकर का अपमान करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद अशोक सिंह की उपस्थिती एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे के नेतृत्व में शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने कहा कि ग्वालियर महानगर में जिस तरह से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र को जलाया गया एवं इसके साथ ही ग्वालियर के व्यापार मेले में विगत दिनों भाजपा सरकार के इशारे पर एक अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना घटी है, जिसमें ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा पुलिस प्रशासन को साथ लेकर मेले में एक प्रदर्शनी में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं संविधान निर्माता, देश के महान सपूत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टरों को फाड़ा गया, साथ ही पूरी प्रदर्शनी को ही नष्ट कर दिया गया, बाबा साहेब अंबेडकर, जिन्होंने भारत को एक समावेशी और न्यायपूर्ण संविधान प्रदान किया, जिनकी बदौलत आज हम सब समान अधिकारों का लाभ उठा रहे हैं, उनके प्रति यह अपमान केवल एक व्यक्ति या समूह का कृत्य नहीं, बल्कि पूरे देश के मूल्यों और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है। इसके साथ ही अन्य महापुरुषों के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई गई, जो हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी, ग्वालियर ने राज्यपाल से मांग की है कि इस घटना में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, जिला प्रशासन को निर्देश दिए जाएं कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े सुरक्षा उपाय किए जाएं, शहर में अमन, चैन, शांति और सद्भाव को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व सामाजिक सद्भाव को भंग न कर सके, इंदोर में दूषित पानी पीने से मृत हुए बच्चो के मुद्दे पर पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर मप्र सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई टिप्पणी पर राज्यपाल भाजपा सरकार के ऐैसे मंत्रीयों को लगाम लगाने के निर्देश दें। ज्ञापन देने वालो में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, साहब सिंह गुर्जर, सुरेश राजे, फूल सिंह बरैया, प्रदेश महासचिव प्रवीण पाठक, सुनील शर्मा, संजय सिंह राठौर, मदन कुशवाह, महाराज सिंह पटेल, वीर सिंह तौमर, जेएच जाफरी, प्रेम सिंह यादव, सीमा समाधिया, अशोक सिंह सिकरवार, दुष्यंत सहानी, उदल सिंह यादव, अवधेश कौरव, चतुर्भुज धनोलिया, सुधीर मंडेलिया, सुनील कुशवाह सोनू, वीना भारद्वाज, महेश मधुरिया, माठू यादव, रमेश राजपूत, कुलदीप सिंह कौरव एड, शंकर गाबरा, अवनीश गोड़, महेन्द्र शर्मा, भूपेन्द्र तौमर, सोनू भदोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, राजेश खान, अनुप शिवहरे, श्याम सुदर श्रीवास्तव, मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, अंसार खान, कुलदीप व्यास, उपेन्द्र राजपूत पिंटू, महादेव अपौरिया, किरन धर्मेन्द्र वर्मा, अजमेर सिंह राजे, शकील मंसूरी, कपिल पाल, जंगबहादुर चौहान, साहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसजन सम्मलित थे।









# वैश्य विकास परिषद ने मनाया मिलन समारोह, किया नववर्ष का स्वागत

## समाजसेवा और संगठन की मजबूती के लिए सदस्यों ने लिए 'पांच सूत्रों' के संकल्प



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 04 जनवरी।** वैश्य विकास परिषद् ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक 'नव वर्ष मिलन समारोह' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संगठन के सदस्यों ने पूरे उत्साह, उमंग और एकजुटता के साथ सहभागिता की। यह आयोजन न केवल नए साल के स्वागत का उत्सव रहा, बल्कि समाजसेवा और संगठनात्मक मजबूती के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का एक सशक्त माध्यम भी बना। समारोह को संबोधित करते हुए संस्था की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने कहा कि परिषद् का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट कर सेवा और संस्कारों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रात्रि में अग्नि के समक्ष लिया गया सामूहिक संकल्प रहा। सभी सदस्यों ने परिषद् के पांच आधारभूत सूत्रों— संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा एवं समर्पण — को अपने जीवन में उतारने और पूरे वर्ष संगठन के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की शपथ ली।

**पारिवारिक परिवेश में रोचक प्रतियोगिताएं:** समारोह की खास बात यह रही कि सभी सदस्य अपने जीवनसाथी के साथ सम्मिलित हुए, जिससे पूरा माहौल पारिवारिक और सौहार्दपूर्ण बना रहा। मनोरंजन के लिए कई रोचक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें पासिंग पास गेम में नीतू गुप्ता ने प्रथम और नेहा गोयल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कपल गेम में ओ.पी. गुप्ता विजयी रहे। आयोजक एवं गणमान्य रहे उपस्थिति कार्यक्रम का संचालन संयोजिका रूबी संजय अग्रवाल एवं सृष्टि अंकित अग्रवाल द्वारा किया गया। अंत में परिषद् की सचिव अंजू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद् के मार्गदर्शक अशोक अग्रवाल व राजेंद्र जैन सहित कोषाध्यक्ष मंजू अग्रवाल, कमल किशोर गुप्ता, शैलेश जैन, गिर्राज दानी, गौरव बंसल, रश्मि अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अजय अग्रवाल एवं अनेक वरिष्ठ व सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। समारोह ने सभी सदस्यों में समाजहित के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार किया।


IRCTC

**इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम-नवरत्न)
सीआईएन नंबर – L74899DLI999GOI101707

आईआरसीटीसी – वेस्ट झोन निम्नलिखित ओपन ई-टेंडर
(दो पैकेट सिस्टम के माध्यम से) आमंत्रित करता है:-

| इकाइयों | विवरण | साइट पर टेंडर दस्तावेज की उपलब्धता |
| --- | --- | --- |
| रिफ्रेशमेंट रूम/जन आहार | वेस्ट झोन के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रिफ्रेशमेंट रूम और जन आहार में कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ओपन ई-टेंडर सह नीलामी। | 05/01/2026, 12:00 बजे से |

टेंडर डॉक्यूमेंट डाउनलोड करने और हिस्सा लेने के लिए वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ IRCTC** पर जा सकते हैं।

अगर ऊपर दिए गए विज्ञापन पर कोई सुधार/अतिरिक्त जानकारी जारी की जाती है, तो उसे सिर्फ वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCT** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

**ऑफिस का पता:**- जीजीएम,वेस्ट झोन ऑफिस, ग्राउंड फ्लोर, फोर्ब्स बिल्डिंग, चरणजीत राय मार्ग, फोर्ट, मुंबई **400001. फोन:** 022-47509565-8815

अपना खाना ऑनलाइन बुक करने के लिए, कृपया **www.ecatering.irctc.co.in** पर लॉग ऑन करें या "Food on Track" मोबाइल APP डाउनलोड करें।